फार्म-६ भरकर मतदाता सूची में नाम जुड़वायें-डीएम

मऊ। जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने मंगलवार को निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नवीन दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य निर्वाचक नामावली में छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम शामिल करना तथा मतदाता सूची को अधिक समावेशी बनाना है। जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत ऐसे निर्वाचकों को चिन्हित कर उनकी सूची तैयार की जाएगी, जिनके नाम विशेष गहन पुनरीक्षण से पूर्व की निर्वाचक नामावली में दर्ज थे, लेकिन वर्तमान प्रकाशित निर्वाचक नामावली

१७ एवं २४ अक्तूबर को प्रत्येक बूथ पर आयोजित होंगे विशेष शिविर



में शामिल नहीं हैं। इस अवधि में बूथ लेवल अधिकारियों एसआईआर द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन किया जाएगा। साथ ही, विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान किन्हीं कारणों से मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं करा पाने वाले पात्र नागरिकों से फार्म-6 प्राप्त कर उनके नाम निर्वाचक नामावली में शामिल किए जाएंगे।उन्होंने कहा कि 17 एवं 24 अक्टूबर को जनपद के प्रत्येक बूथ पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में संबंधित बूथ लेवल अधिकारी प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक उपस्थित रहेंगे, ताकि पात्र नागरिकों से फार्म-6 प्राप्त कर आवश्यक काररवाई की जा सके। जिलाधिकारी ने बताया कि निर्धारित विशेष शिविरों के अतिरिक्त बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर भी छूटे हुए पात्र मतदाताओं से संपर्क करेंगे तथा उनके फार्म-6 प्राप्त कर नाम मतदाता सूची में शामिल कराने की प्रक्रिया सुनिश्चित करेंगे।

पिकअप की चपेट में आने से एक की मौत

मधुबन(मऊ)।मधुबन-घोसी मार्ग पर सिपाह इब्राहिमाबाद बाजार के समीप मंगलवार दोपहर डेढ़ बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में पैदल जा रहे कमधेनवा निवासी मुकेश उम्र 30 वर्ष की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ट्रक के धक्के से नीम का पेड़ गिरा

रतनपुरा(मऊ)। हलधरपुर थाना क्षेत्र के पहसा बाजार में सोमवार की रात्रि लगभग 11.00 बजे मऊ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने सड़क के किनारे स्थित नीम के एक मोटे सूखे पेड़ में तेज टक्कर मारते हुए दुकान में घुस गई।

वेयरहाउस में चल रहे एफएलसी कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

मऊ। जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने मंगलवार को ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस में चल रहे एफएलसी (प्रथम स्तरीय जांच) कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एफएलसी कार्य में लगे टेक्नीशियनों एवं इंजीनियरों से कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि एफएलसी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। साथ ही, भारत



निर्वाचन आयोग द्वारा एफएलसी कार्य के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालनसुनिश्चित किया जाए, ताकि संपूर्ण प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिक. ारी एवं निर्वाचन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

कक्षा १० की छात्रा अंशिका बनीं एक दिन की डीएम

मऊ। शारदीय नवरात्र के अवसर पर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने तथा बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं प्रशास. की छात्रा कुमारी अंशिका को एक दिन के लिए जिलाधिकारी बनाया गया। इस दौरान उन्होंने जिलाधिक. ारी के रूप में जनसुनवाई करते हुए

जनसुनवाई कर सुनीं लोगों की समस्याएं,नियमानुसार संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के दिये निर्देश

निक कार्यप्रणाली के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, कोपागंज की कक्षा 10 लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता और ध्यानपूर्वक सुना तथा उनके निस्तारण के लिए नियमानुसार संबंधित अधिकारियों को आवश्यक काररवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठने से पूर्व जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने कुमारी अंशिका को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। जनसुनवाई के दौरान जिला. धिकारी ने उन्हें सहयोग प्रदान करते हुए प्रशासनिक कार्यप्रणाली एवं जनसमस्याओं के निस्तारण की प्रक्रिया से अवगत कराया। कुमारी अंशिका ने पूरी गंभीरता एवं संवे. दनशीलता के साथ फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके उचित निस्तारण के प्रति आश्वस्त किया।

रैली निकाल कर भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस कार्यालय का किया घेराव

मऊ। छात्राओं द्वारा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के प्रोफेसर एवं मणिपुर से कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजम पर लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने जन आक्रोश रैली के माध्यम से कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर विरोध जताया। इस दौरान महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने कांग्रेस नेतृत्व, विशेषकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए मामले में जवाबदेही तय करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने संबंधित सांसद को पार्टी से निष्कासित करने तथा मामले में नियमानुसार कानूनी काररवाई की मांग उठाई। महिला आयोग की सदस्य सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा किसी भी राजनीतिक दल से ऊपर है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रीतुलता पांडेय ने कहा कि जन आक्रोश रैली के माध्यम से महिला मोर्चा ने महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा से जुड़े मुद्दे पर अपनी आवाज बुलंद की है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संगीता द्विवेदी , किरण राजभर, माला मद्धेशिया, रेखा राजभर, बदामी देवी,सरोज देवी,रीना राजभर आदि भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

घोसी में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के साथ एक गिरफ्तार

घोसी(मऊ)। प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत घोसी थाना पुलिस ने सोमवार देर शाम मानिकपुर असना गांव में एक दुकान पर छापेमारी की। पुलिस ने मौके से 18 कूची चाइनीज मांझा बरामद करते हुए दुकानदार शाहिद हसन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक काररवाई की जा रही है।

३४वाहनों का चालान

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानीय पुलिस ने अलग-अलग स्थान से वाहन चेकिंग के दौरान 34 बाइकों का ई चालान किया।

मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को किया जागरूक

कोपागंज (मऊ)। मिशन शक्ति के तहत पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश एवं थानाध्यक्ष कोपागंज के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम द्वारा राजन पीजी कालेज, हिकमा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राओं को महिला सुरक्षा, आपातकालीन सेवाओं तथा साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, साइबर हेल्पलाइन 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए 102 तथा एंबुलेंस सेवा 108 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। साथ ही छात्राओं से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए उन्हें सुरक्षा संबंधी आवश्यक सुझाव दिए गए। इसके अलावा कालेज के प्राध्यापक को परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को किसी भी समस्या या असुरक्षा की स्थिति में बिना झिझक पुलिस की सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।













सीओ ने एनसीसी की छात्राओं के साथ किया मार्च

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार शारदीय नवरात्र दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी नगर जितेंद्र सिंह प्रभारी निरीक्षक कमलकांत वर्मा मय फोर्स व मिशन शक्ति टीम मुहम्मदाबाद के द्वारा एनसीसी कैडेट्स व स्कूल की छात्राओं को यातायात नियमों के पालन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया व कस्बा मुहम्मदाबाद में रूट मार्च किया गया। कार्यक्रम के पूर्व पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र सिंह ने कोतवाली कार्यालय में पब्लिक बालिका इंटर कालेज से आई एनसीसी की छात्राओं को उनके विचारों को साझा किया और पूछा कि आप लोग का क्या उद्देश्य है जिस पर एनसीसी की छात्राओं ने जिसमें कुछ ने आर्मी सब इंस्पेक्टर बनने की बात कही।

विद्युत आपूर्ति की निरंतरता बनाये रखने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

मऊ। विद्युत वितरण मंडल, मऊ द्वारा विद्युत आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से कार्यालय परिसर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। अधीक्षण अभियंता वी पी सिंह ने बताया कि 16 अक्टूबर 2026 से अग्रिम आद. श तक कंट्रोल रूम के माध्यम से विद्युत आपूर्ति की निगरानी की जाएगी। कंट्रोल रूम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पालीवार ड्यूटी निर्धारित की गई है, ताकि विद्युत आपूर्ति में आने वाली बाधाओं तथा उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। इसके अंतर्गत प्रथम पाली प्रातः 06.00 बजे से दोपहर 02.

२४ घंटे होगी उपभोक्ताओं की शिकायतों पर काररवाई

00 बजे तक, द्वितीय पाली दोपहर 02.00 बजे से रात्रि 10. 00 बजे तक तथा तृतीय पाली रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 06. 00 बजे तक निर्धारित की गई है। विद्युत संबंधी शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम मोबाइल नंबर 8005499561,टेलीफोन नंबर 0547-2228466 पर संपर्क किया जा सकता है।

शांतिभंग की आशंका में दो गिरफ्तार

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सो. हराबपुर में नौशाद पुत्र अब्दुल मन्नान उर्फ मुन्ना द्वारा पारिवारिक विवाद को लेकर मारपीट करने के मामले में,ग्राम बरहतपुर में मंगलवार प्रातः जमीन संबंधी विवाद को लेकर बादल पुत्र सुनील जायसवाल द्वारा जमीन संबंधी विवाद को लेकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने इनका शांति भंग में चालान किया।

जर्जर विद्युत तारों को सही करने का निर्देश

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। अधिशासी अभियंता विद्युत महेश चंद्र विश्वकर्मा द्वारा आगामी त्यौहार रामलीला दशहरा प्रतिमा विसर्जन आदि को लेकर विद्युत विभाग को यह निर्देशित किया गया कि ग्रामीण एवं सारी क्षेत्र में कहीं भी किसी प्रकार की विद्युत आपूर्ति में बाधा नहीं आनी चाहिए। अगर किसी भी शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत तार ट्रांसफार्मर आदि अगर व्यवस्था गड़बड़ा है तो उसे जल्द से जल्द सही कर दिया जाए। जर्जर तार को बदल दिया जाए तथा एवं विद्युत बिलों का भुगतान भी सही समय पर कराया जाए किसी भी मोहल्ले एवं ग्रामीण क्षेत्र में जो विद्युत पोल लटके अथवा जर्जर है उसे भी सही कर दिया जाए।

मारपीट के मामले में दो पर एफआईआर

मधुबन (मऊ)। स्थानीय थाना क्षेत्र के छपरा धुसर में जमींनी विवाद को लेकर लाठी डंडा से मार कर तीन लोगों को घायल कर देने एवं गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुक़दमा दर्ज किया है। श्री राम पाल पुत्र स्व. चिल्लर का आरोप है कि मेरे गांव के सोनू व सूरज उर्फ गोलू पुत्रगण जयराम के बीच एक ज़मीन का विवाद चल रहा है । उस जमीन का सीमांकन 7 अक्टूबर को लेखपाल द्वारा कराया गया। मगर, उपरोक्त लोग मानने को तैयार नहीं हैं । जबरिया उस जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं । मना करने पर मेरे पुत्र राजनीश, पत्नी तापेशी देवी बहू पूनम को लाठी डंडा से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिये तथा गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर उपरोक्त दोनों व्यक्तियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

ठगी का ११हजार पुलिस ने कराया वापस

घोसी(मऊ)। घोसी थाना पुलिस की साइबर टीम ने पूनापार निवासी मनोज चौहान का 11 हजार रुपये वापस करा दिये।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर किशोरियों को किया जागरूक

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर संस्था महिला ग्रामोद्योग सेवा समिति द्वारा संचालित ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत परियोजना क्षेत्र में किशोरियों के बीच जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, समानता एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान किशोरियों को बताया गया कि बालिकाएँ समाज की महत्वपूर्ण शक्ति हैं।

वारंटी गिरफ्तार

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानीय पुलिस ने वारंटी शहजादे पुत्र रशीद निवासी भोलीपुर को गिरफ्तार करके न्यायालय चालान किया।

डा. पी.एल. गुप्ता ३९ वर्षों से ग्रामीण अंचल में शल्य चिकित्सा की उत्कृष्ट सेवा के पर्याय



अब तक एक लाख से अधिक शल्य क्रियाएं करने का गौरव

मऊ। चिकित्सा सेवा को जनसेवा का माध्यम मानकर लंबे समय से कार्य कर रहे जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन डा. पन्नालाल गुप्ता (डा. पी.एल. गुप्ता) जनपद मऊ के चिकित्सा क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान रखते हैं। ग्रामीण अंचल के मरीजों को बेहतर शल्य चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उन्होंने अपने पेश. वर जीवन में निरंतर सेवाभाव, समर्पण और चिकित्सकीय दक्षता का परिचय दिया है। जनवरी 1987 से चिकित्सा एवं शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में सक्रिय डा. गुप्ता ने अपने लगभग 38 वर्षों के सेवाक. ाल में हजारों जरूरतमंद मरीजों को उपचार उपलब्ध कराने के साथ चिकित्सा जगत और सामा. जिक क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है। डा. पन्नालाल गुप्ता का जन्म 2 मार्च 1958 को हुआ। उनके पिता स्वर्गीय राधा प्रसाद गुप्ता अपने जमाने के बड़े व्यवसाय थे। उन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी के आयुर्विज्ञान संस्थान से बीएससी, एमबीबीएस तथा एमएस की शिक्षा प्राप्त की। उच्च चिकित्सकीय शिक्षा और शल्य चिकित्सा में विशेषज्ञता हासिल करने के बाद उन्होंने नरई बांध, मऊ स्थित गुप्ता सर्जिकल अस्पताल को अपनी चिकित्सा सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनाया। यहां उनका प्रयास रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को गंभीर बीमारियों एवं शल्य चिकित्सा संबंधी समस्याओं के उपचार के लिए बेहतर सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकें। वे प्रत्येक माह औसतन लगभग 400 मरीजों की शल्य क्रियाएं करते रहे हैं। डा. पी.एल. गुप्ता की पहचान केवल एक सर्जन के रूप में ही नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग चिकित्सक के रूप में भी रही है।

संक्षिप्त समाचार

योगासन प्रतियोगिता में मऊ के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण और दो रजत पदक जीते

मऊ। शिब्ली इंटर कालेज, आजमगढ़ में 9 से 12 अक्टूबर 2026 तक आयोजित 70वीं राज्यस्तरीय विद्यालयी योगासन प्रतियोगिता में आजमगढ़ मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए जनपद मऊ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में मऊ के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण एवं दो रजत पदक हासिल किए। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जनपद के चारों खिलाड़ी स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

रामलीला के दूसरे दिन भगवान श्रीराम का हुआ जन्म

दोहरीघाट (मऊ)। रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला के दूसरे दिन भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर माता सीता के भूमि से प्रकट होने तक की लीलाओं का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों को भक्तिभाव से सराबोर कर दिया। रामल. ेला का शुभारंभ भगवान श्रीराम के जन्म के प्रसंग से हुआ। भगवान श्रीराम के जन्म का दृश्य प्रस्तुत होते ही पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

विजयी प्रतिभागियों को किया सम्मानित

मधुबन(मऊ)। तहसील क्षेत्र के शहीद इंटर कालेज मधुबन के प्रांगण में 10 व 12 अक्टूबर को आयोजित तहसील एवं जिला स्तरीय माध्यमिक विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया। सीनियर, जूनियर व सब जूनियर बालक-बालिका वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रबंधक प्रमोद कुमार मल्ल ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य विक्रमादित्य चौहान, उप प्रधानाचार्य धनंजय सिंह, डा. भूपेंद्र वीर सिंह, वीरेंद्र विक्रम, फतहपुर गर्ल्स इंटर कालेज की प्रधानाचार्या चंद्रकांती शुक्ला, जयराम सिंह यादव सहित जिले के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, क्रीड़ा प्रभारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

बेलौली में नारद मोह की लीला के साथ रामलीला शुरू

सूरजपुर (मऊ)। मधुबन तहसील अंतर्गत बेलौली स्थित प्राचीन लक्ष्मण जी मंदिर परिसर में सोमवार को नारद मोह लीला के मंचन के साथ रामलीला का शुभारंभ हुआ। रामलीला समिति के अध्यक्ष बद्री दास की देख-रेख में आयोजित कार्यक्रम में रविंद्र दुबे आयोजक रहे, जबकि हरि गोविंद यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। रामलीला के पहले दिन नारद मोह प्रसंग का मंचन किया गया।

दशहरा पर्व को लेकर पुलिस सतर्क

कोपागंज(मऊ)। कोपागंज थाना क्षेत्र में दशहरा पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। क्षेत्र में कुल 62 दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। सभी पूजा पंडालों और संबंधित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और पीएसी के जवानों को तैनात किया गया है। पुलिस प्रशासन त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए लगातार निगरानी कर रहा है। थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा कि दशहरा पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बिगाड़ने या किसी भी प्रकार का उपद्रव करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा